कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 13.06.2022

शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल–21 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा–151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

04 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाये जा रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोण्डा के थाना मनकापुर ने 01, थाना करनैलगंज ने 01 व थाना को0 नगर ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही–:

01. थाना इटियाथोक द्वारा की गयी कार्यवाही–

01. श्रवण कुमार पुत्र अशर्फी निवासी बसन्तपुर राजा थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0–162/22, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

सराहनीय प्रेस नोट
मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
दिनांक 13.06.2022

नशीली गोलियों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिकी मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खरगूपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त रोहित कुमार पुत्र गजराज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 120 अल्प्राजोलम की टेबलेट बरामद किया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर में एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. रोहित कुमार पुत्र गजराज नि0 पयागपुर थाने के पीछे थाना पयागपुर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–121/22, धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. अल्प्राजोलम की 120 टेबलेट।

गिरफ्तार कर्ता–

उ0नि0 किशोर पासवान मय टीम।

प्रेस नोट
मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
दिनांक 13.06.2022

नवाबगंज पुलिस की सूझबूझ से 14 वर्षीय बच्ची की बची जान, माता–पिता से नाराज होकर बच्ची चढी थी हाई वोल्टेज लाइन के खम्भे पर:–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा समय–समय पर गोष्ठी कर पुलिस कर्मियो को मित्र पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने तथा आम जनमानस की समस्याओं को सुन तत्काल निस्तारण व जरुरतमंदो की हर संभव मदद किए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते रहे है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा एक 14 वर्षीय बच्ची की जान बचायी गयी।

आज दिनांक 13.06.2022 को थाना नवाबंगज पुलिस को थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चकपान में 14 वर्षीय बच्ची की अपने माता–पिता से नाराज होकर हाई वोल्टेज लाइन के खम्भे पर चढने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज व थानाध्यक्ष नवाबगंज मय पुलिस टीम के तत्काल मौके पर पहुॅचकर लाउडस्पीकर की मदद से बच्ची की नाराजगी को जाना गया तथा अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्ची को सकुशल हाई वाल्टेज लाइन के खम्भे से उतवाया गया तथा उपचार हेतु बच्ची को सी0एच0सी0 नवाबगंज भेजा गया। बच्ची को सकुशल पाकर परिजनों ने पुलिस टीम की भूरि–भूरि प्रशंसा की गयी। पुलिस के इस कार्य की आमजनमानस में भी काफी सराहना की जा रही है।